बैठक में लिया निर्णय, अब श्रीगंगानगर और जैसलमेर रोड पर बंद होंगे अवैध कट

बीकानेर, (कासं)। सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बीडीए कमिश्नर अपर्णा गुप्ता और नगर निगम कमिश्नर मयंक मनीष की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जयपुर रोड के बाद अब श्रीगंगानगर और जैसलमेर रोड़ पर अवैध कट बंद किए जायेंगे। कट बंद करने के बाद कोई इसे खोलेगा तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जायेगी। जयपुर रोड पर हल्दीराम प्याऊ के पास ट्रैफिक लाइट भी जल्द शुरू की जायेगी। शहर भर में स्पीड लिमिट के साइन बोर्ड भी लगाये जायेंगे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले की सभी स्कूलों में लगे ऑटो और बसों के चालकों की आंखों की जांच की जायेगी। इसको लेकर चिकित्सा विभाग की ओर से शिविरों का आयोजन किया जायेगा। गुप्ता ने बताया कि जिला कलेक्टर की पहल पर टोल नाकों पर आई चैकअप कैम्प लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें ट्रक चालकों की आंखों की जांच की जा रही है। अब तक 1651 ट्रक चालकों की आंखों की जांच की गई और 296 को चश्मे वितरित किए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि बस स्टैंड की तर्ज पर शहर में टैक्सी स्टैंड बनाए जायेंगे। साथ ही प्री-पैड बूथ भी बनाया जायेगा। नापासर चौराहे पर एक्सीडेंट रोकने, हाई मास्क लाइट लगाई जायेगी। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि शहर भर में अतिक्रमण हटाने को लेकर मासिक प्लान तैयार कर नगर निगम और बीडीए संबंधित पुलिस थाने के सहयोग से प्रतिदिन अतिक्रमण हटाने का कार्य करेंगे बैठक में परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि स्पीड गवर्नर को लेकर कुल 107 चालान काटे गए। बीडीए कमिश्नर ने कहा कि जिन बसों में स्पीड गवर्नर नहीं होने को लेकर चालान काटे गए उनका सत्यापन भी किया जाए कि उन्होंने अब तक स्पीड गवर्नर लगाया या नहीं। बैठक में पीडब्लयूडी के अधीक्षण अभियंता ओ.पी. मंदर, बीडीए एसई ललित ओझा, एनएचएआई के परियोजना निदेशक पीयूष रंजन यदुवंशी, अनुज रावत, के. राजू, ट्रैफिक इंस्पेक्टर नरेश निर्वाण, सीएमएचओ डॉ पुखराज साद, आरयूआईडीपी से सहायक अभियंता मनीष बिश्नोई समेत अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

पूगल रोड़ के अवैध कट बंद की मांग : बीकानेर व्यापार उद्योग मण्डल के प्रतिनिधि दल ने जिला कलेक्टर बीकानेर के समक्ष डिवाइडर पर बने अवैध कट बंद करवाने की मांग रखी। इस अवसर पर अध्यक्ष जुगल राठी ने बताया कि बीकानेर पूगल फांटा से सब्जी मंडी व अनाज मंडी एवं बीकानेर का सुप्रसिद्ध हनुमान मन्दिर बजरंग धोरा को जोड़ने वाले अति व्यस्ततम मार्ग पर बने डिवाइडर पर अवैध कट होने की वजह से कई बार दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है, जिसमें दो व्यापारी अपनी जान गंवा चुके हैं। बार-बार व्यापारियों द्वारा यह मांग उठाई जाती है पर प्रशासन द्वारा इस पर कोई आवश्यक कार्यवाही नहीं की गई है।

कुछ दिनों पहले जयपुर में हुई घटना के बाद शहर व आस-पास के मुख्य मार्गों के अवैध कट बंद कर दिए गए है। उसी तर्ज पर पूगल फांटा से सब्जी मंडी रोड़ के सभी अवैध कट को बंद किया जाए ताकि भविष्य में एसी दुर्घनाओं की पुनरावृति ना हो। इस अवसर पर दी बीकानेर वूल अनाज ट्रेडर्स के अध्यक्ष रामदयाल सारण ने कहा कि इन अवैध कट के कारण आये दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती है। इस मार्ग पर बीकानेर इंजीनियरिंग महाविद्यालय भी है, जिस कारण विद्यार्थियों का आवागमन रहता है। राठी ने कहा यह मुद्दा व्यापारियों की सुरक्षा के लिए है। साथ ही बीकानेर के आम नागरिक सहित व्यापार से जुड़े कामगार, मजदूर, कर्मचारी सहित ग्राहकों का भी है। इस अवसर पर जयदयाल डूडी, रामदयाल सारण, वेद प्रकाश अग्रवाल एवं विजय बाफना उपस्थित थे। वहीं मिशन हरियालो राजस्थान के तहत राज्य में 10 करोड़ पौधे लगाए जायेंगे। जिला

- सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक में लिए कई निर्णय
- शहर में बनेंगे टैक्सी स्टैंड, प्री-पैड टैक्सी बूथ भी बनेगा

कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि 3 करोड़ पौधे ओरण एवं चारागाह संबंधित पंचायतों के माध्यम से, 3 करोड़ पौधे शहरी क्षेत्र में शहरी निकायों के माध्यम से तथा 2 करोड़ पौधे संस्थागत एवं निजी भूमि पर तथा शेष 2 करोड़ पौधे वन भूमि पर लगाए जाने प्रस्तावित हैं। इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है। जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहित 19 विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को शामिल किया गया है।

कर्णेश्वर महादेव मन्दिर में जलाभिषेक आज

बीकानेर, (कासं)। कर्णेश्वर महादेव मन्दिर में महादेव का सहस्त्रधारा जलाभिषेक कर विधिवत रूप से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर आयोजित होने वाली धर्मयात्रा एवं महाआरती का शुभारंभ किया जायेगा।

हिन्दु जागरण मंच के प्रान्त सह संयोजक शैलेश गुप्ता एवं महानगर संयोजक कैलाश भार्गव ने बताया कि प्रतिवर्ष भारतीय नववर्ष पर हिन्दु जागरण मंच की ओर से धर्मयात्रा एवं महाआरती का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में हिन्दु जागरण मंच के द्वारा 1 मार्च को स्थानीय कर्णेश्वर महादेव मन्दिर, किराडू बगेची के पास, गोकुल सर्किल, बीकानेर में किया जायेगा। जिसमें हिन्दु जागरण मंच के सैकडों कार्यकर्ताओं के साथ- साथ आमजन भी भागीदारी निभायेंगे। मंच के महानगर संयोजक कैलाश भार्गव ने बताया कि अभिषेक को पंडित बीकानेर के विशिष्ट पंडितों एवं अन्य पुरोहितों के निर्देशन में किया जाता रहा है और कल भी पूर्ण विधिविधान से किया जायेगा। इस सहस्त्र अभिषेक के बाद विधिवत रूप से धर्मयात्रा एवं महाआरती का कार्यक्रम प्रारम्भ होता है।

सार-समाचार

राशन गेहूं वितरण पर जानकारी दी

बीकानेर, (कासं)। जिला रसद अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सतर्कता समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सार्वजनिक वितरण प्रणाली के संचालन संबंधित विशेष बिन्दुओं पर चर्चा हुई। जिला रसद अधिकारी (द्वितीय) नरेश शर्मा ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की पारदर्शिता, प्रभावी कार्यकरण, खाद्य सुरक्षा सतर्कता एवं जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने की दृष्टि से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 की धारा 29 के प्रावधानों के क्रम में खाद्य विभाग द्वारा जारी आदेशों की पालना में खाद्य सुरक्षा समिति के गठन, दायित्व एवं कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जिले में राशन कार्डों व आधार सीडिंग की स्थिति, खाद्य सुरक्षा में वंचित पात्र परिवारों के नाम जोड़ने, गिव उप अभियान, बोगस एवं फर्जी राशनकार्डों को निरस्त करवाने के संबंध में निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करने वाले लाभार्थियों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, समिति द्वारा सक्षम स्तर पर अपनी समपरीक्षाएं कार्यवाही हेतु प्रस्तुत करने, ई-केवाईसी एवं एलपीजी मैपिंग, गेंहू आवंटन, उठाव एवं वितरण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में बैगाराम जाखड़, चोरूराम, भीमसिंह, कालूसिंह भाटी, करणाराम कुमावत, देवाराम सियाग, राजेन्द्र कुमार चौहान, किशन लाल मेघवाल सहित कुल 20 सदस्य उपस्थित थे।

बायो गैस प्लांट को हटाने की मांग

सूरतगढ़, (कासं)। फोरलेन बाइपास पर बन रहे निजी कंपनी के बायो एनर्जी गैस प्लांट का कार्य बंद करवाने और यहां से हटाने की मांग को लेकर पूर्व घोषणा के अनुसार सूरतगढ़ बचाओ संघर्ष समिति ने शुक्रवार को उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया। एसडीएम संदीप कुमार काकड़ को ज्ञापन सौंपते हुए बताया गया कि गैस प्लांट का निर्माण कार्य हाई वोल्ट इलेक्ट्रिफाइड रेलवे ट्रैक से चंद कदमों की दूरी पर बनाया जा रहा है। इसके अलावा गैस प्लांट से वातावरण भी प्रदूषित रहेगा। नागरिकों ने बताया कि पूर्व में भी प्लांट के पास खतरनाक बाइपास मोड़ पर वाहन पलटने से अनेक लोगों की मौत हो चुकी है। पूरा देश भोपाल गैस कांड जैसी त्रासदी को अभी तक भुला नहीं पाया है। पिछले दिनों जयपुर में भी गैस टैंकर ब्लास्ट के बाद बड़े पैमाने पर आगजनी होने के साथ ही लोगों की मौत हुई थी। टोंक में भी बीते दिनों गैस लीकेज से पास ही स्थित विद्यालय की सैकड़ों छात्राएं बेहोश हो गई, जिनका अभी तक इलाज जारी है। वहीं गत सप्ताह ही छतरगढ़ में एक गैस प्लांट में भयंकर आग लग जाने से अफरा तफरी मच गई जो अगले दिन काबू पाई जा सकी। यही अंदेशा सूरतगढ़ में लग रहे बायो एनर्जी गैस प्लांट से भी जताया जा रहा है।

जेल में बंद आरोपी की मौत

अनूपगढ़, (कासं)। रावला में जमीनी विवाद को लेकर बेटे की हत्या करने के आरोप में जेल में बंद बुजुर्ग पिता की अस्पताल में शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। बता दें कि 12 फरवरी को 13 केएनडी निवासी बृजलाल (60) ने जमीनी विवाद को लेकर बेटे पवन कुमार के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे पवन के सिर पर गंभीर चोट लग गई। जिसको इलाज के लिए बीकानेर रेफर किया गया जहां 23 फरवरी को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिसके बाद पवन की पत्नी ममता की शिकायत पर पुलिस ने बृजलाल और उनके दो अन्य बेटे प्रदीप व लख्खन के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। बृजलाल को 17 फरवरी को अनूपगढ़ जेल में भेजा गया। ममता ने रिपोर्ट में लिखवाया कि 12 फरवरी की शाम को उसका ससुर बृजलाल अपने दोनों बेटे प्रदीप व लख्खन को लेकर उसके घर आए। आरोपियों ने डंडे लाठी से पवन कुमार व उस पर हमला कर दिया। सर में लाठी डंडे की गंभीर चोट लगने से पवन कुमार बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। बेहोशी की हालत में उसे बीकानेर के पीपीएम हॉस्पिटल लाया गया जहां पर बीते रविवार उसकी मौत हो गई। रावला पुलिस ने इस मामले को हत्या के आरोप में तब्दील करते हुए मृतक के पिता बृजलाल और उसके भाई प्रदीप व लखन को गिरफ्तार कर लिया तथा जेल भेज दिया। जेलर सरजीत सिंह ने बताया कि बृजलाल पहले से साइकेट्रिस्ट से इलाज ले रहे थे। जेल में अखबार में बेटे की मौत की खबर पढ़ने के बाद वे मानसिक रूप से परेशान हो गए।

शहर में 50 हजार लाइटें लगाने का दावा फिर भी अंधेरा

बीकानेर, (कासं)। नगर निगम सीमा में करीब 50 हजार लाइटें लगाई गई। 47 हजार लाइटें पहले लगी थी और 3000 लाइटें हाल ही में लगाई गई। संभागीय आयुक्त के निर्देश पर बीती दो रातों से निगम की टीम सर्वे कर रही है। अभी तक 4000 लाइटों का ही सत्यापन हुआ है। 46 हजार लाइटों का सत्यापन बाकी है।

हकीकत ये है कि हर रोड पर लाइटें बंद पड़ी हैं। जानकार इस सर्वे को ही कागजी बता रहे हैं। बताया जा रहा है कि नई लगी 3000 लाइटों में से ही एक हजार बंद पड़ी है। बीकानेर शहर में करीब 40 हजार पोल हैं। इसमें बीकेसीईएल के 38 हजार, नगर निगम के 1000 और करीब इतने ही नगर विकास न्यास के दायरे में हैं। इन 40 हजार पोलों पर करीब 50 हजार लाइटें लगी होने का दावा है। फिर भी एक तिहाई शहर अंधेरा रहता है। हालात देखकर ही संभागीय आयुक्त ने निगम को सर्वे कराने के लिए कहा था। 50 हजार लाइटों में 10 से 15 प्रतिशत लाइटें बंद पड़ी हैं। यानी शहर में करीब 6 से 7 हजार लाइटें खराब हैं। इनको ठीक करवाने की बजाय निगम ने 3000 नई लाइटों का जो टेंडर किया है उसे खंभों पर लगवाकर दावा किया कि अब शहर रोशन है।

- 50 हजार लाइटों में से 4000 का ही सत्यापन, 150 ही बंद मिली
- निगम के सर्वे पर ही उठने लगे सवाल

पवनपुरी में आधे से ज्यादा इलाका अंधेरे में डूबा है। शहर के किसी भी मोहल्ले या कॉलोनी में रात को जाएं लाइटें खराब ही मिलेंगी। यहां तक कि हाईवे को जोड़ने वाले मार्गों पर भी अंधेरा है। शहर में 38 से 40 हजार ऐसे पोल हैं जिनसे शहर रात में रोशन होता है। पोल भले किसी के हों मगर इन पर लाइटें निगम ही लगाता है। करीब 10 दिन लगातार सर्वे होने के बाद ही जमीनी हकीकत सामने आयेगी।

छह महीने पहले जो 3000 लाइटें खरीदी गई थी उसमें से करीब 2800 लाइटें वार्डों से लेकर हाईवे पर लगा दी गई। अभी भी प्रत्येक वार्ड से लाइटों की मांग है। लाइटों के बंटवारे में भी खुले आम मनमर्जी चली थी। चहेते पार्षदों को 40 से 50 तक लाइटें दी गई थी और विरोधी खेमे को 10 लाइटें ही दी गई। इसका विरोध भी हुआ था और यही वजह है कि शहर रोशन नहीं है। लाइटें जब पार्षदों को देखकर दी जायेगी तो अंधेरा दूर नहीं होगा। जबकि खंभे देखकर आवंटन होना चाहिए था। जहां अंधेरा वहां लाइटें लगनी चाहिए थी।

गार्गी अवार्ड से वंचित छात्राओं से आवेदन मांगे

बीकानेर, (कासं)। गार्गी पुरस्कार के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन से शेष रही बालिकाएं अब 10 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी। शाला दर्पण पोर्टल फिर से खोला गया है।

बालिका शिक्षा फाउंडेशन सचिव डॉ अरूण शर्मा ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। दरअसल शिक्षा सत्र 2024-25 में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने वाली 3.39 लाख छात्राओं के खाते में गार्गी और बाली का प्रोत्साहन पुरस्कार की राशि 3 फरवरी को जारी की जा चुकी है। जन आधार और बैंक खाता अपडेट नहीं होने के कारण जिन छात्राओं के बैंक खाते में पुरस्कार की राशि ट्रांसफर नहीं हुई है। उन्हें बालिका शिक्षा फाउंडेशन ने एक अंतिम अवसर देने का निर्णय लिया है। फाउंडेशन ने ऑनलाइन आवेदन का प्रोसेस नवम्बर में शुरू किया था।

रिड़मलसर पुरोहितान में बनेगी कबीर वाटिका

बीकानेर, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा के प्रयासों से राज्य सरकार ने लूणकरनसर विधानसभा क्षेत्र को अनेक सौगात दी।

गोदारा ने बताया कि उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने गुरूवार को विधानसभा प्रदेश भर से जुड़ी अनेक घोषणाएं की। इनमें लूणकरनसर विधानसभा को अनेक सौगातें मिली हैं। गोदारा ने बताया कि लूणकरनसर से काकड़वाला तक 15 किलोमीटर सड़क बनाए जाने की स्वीकृति दी है। तीस फीट चौड़ी सड़क के निर्माण पर 19 करोड रूपए खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि इससे क्षेत्र के 10 गांवों के हजारों लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी।

उन्होंने बताया कि यह सभी गांव लूणकरनसर के सिंचित क्षेत्र वाले गांव हैं। यह सड़क इन सभी गांवों को लूणकरणसर और बीकानेर से सीधे-सीधे जोड़ देगी। इससे इन क्षेत्रों से आने वाले किसानों को अपनी उपज लाने-ले जाने में सहायता मिलेगी। गोदारा ने बताया कि रिडमलसर पुरोहितान में 300 बीघा क्षेत्र में कबीर वाटिका बनाए जाने की घोषणा की गई है। शहर के नजदीकी क्षेत्र में लगभग 300 बीघा क्षेत्र में सेंट्रल पार्क के तर्ज पर बनने वाली यह वाटिका राज्य सरकार के ग्रीन प्रोजेक्ट के तहत मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर यह महत्वपूर्ण निर्णय है। यह वाटिका वरिष्ठजनों के भ्रमण के साथ बच्चों और महिलाओं के लिए मनोरंजन का माध्यम बनेगी। गोदारा ने बताया कि उप मुख्यमंत्री द्वारा रायसर के धोरों का चयन रूरल टूरिज्म के लिए किया गया है। गोदारा ने कहा कि बीकानेर में पर्यटन विकास की अनेक संभावनाएं हैं। रायसर के धोरों में वर्षभर देशी-विदेशी सैलानी आते हैं।

- 300 बीघा क्षेत्र में कबीर वाटिका बनाए जाने की घोषणा की गई

पैर फिसलने कपड़ा व्यापारी की मौत

नोखा, (कासं)। लिफ्ट की मरम्मत के दौरान एक युवक की पैर फिसलने से मौत हो गई। घटना जैन चौक की है।

जानकारी के अनुसार राहुल संचेती (30) पुत्र मनोज संचेती कपड़ा व्यापारी है। जो लक्ष्मी स्टोर पर लिफ्ट में तकनीकी खराबी आने के बाद मरम्मत का काम चल रहा था। इसी दौरान राहुल का पैर अचानक फिसल गया। वह लिफ्ट के खाली स्थान से नीचे गिर गया। जिसके बाद आसपास के लोग राहुल को गंभीर हालत में बीकानेर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हमले के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

अनूपगढ़, (कासं)। गांव में रहने वाली एक महिला ने 2 नवम्बर 2024 को अनूपगढ़ पुलिस थाने में 14 व्यक्तियों को नामजद करते हुए तथा 15-20 अन्य व्यक्तियों पर घर में घुसकर मारपीट करने व हत्या के प्रयास का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया था। इस मामले में एसएचओ ईश्वर जांगिड़ में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

एसएचओ ईश्वर जांगिड़ ने बताया कि गांव 9 एलएसएम में रहने वाली गुरप्रीत कौर (25) पत्नी सोनी सिंह ने मामला दर्ज करवाया था कि उसके घर पड़ौसी मलकीत सिंह पुत्र चरण सिंह से पुरानी रंजिश है। इसी के चलते 1 नवंबर 2024 को मलकीत सिंह अपने दोस्तों व रिश्तेदार को घर पर बुलाकर शराब पिला रहा था और उसी दौरान उसका बेटा जशनदीप सिंह, गुलशन सिंह, उसकी मां रणजीत कौर, उसकी पत्नी गुरमेल कौर, गांव 9 एलएसएम के निवासी बलविंदर सिंह पुत्र दिलबाग सिंह, दिलबाग सिंह पुत्र बच्चन सिंह, अर्शदीप सिंह पुत्र मेजर सिंह, गुरदास सिंह पुत्र गुरनाम सिंह बावरी, वकील कुमार पुत्र नेतराम नायक, पालीराम पुत्र नेतराम, लखविंदर सिंह पुत्र कुलविंदर सिंह, कुलिंदर सिंह पुत्र जगदेव सिंह, सुखविंदर सिंह पुत्र जगदेव सिंह व 15-20 अन्य लोग उसके घर घुस आये और तलवार, लाठी और गंडासों से उन पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में उसके ससुर पिंदर सिंह, दादा ससुर पाल सिंह, पति सोनी सिंह, देवर सन्दीप सिंह, चाचा ससुर कुलविंद्र सिंह, हरविंद्र सिंह, हरविंद्र सिंह का बेटा हैप्पी सिंह को चोटें लगी। गुरप्रीत कौर ने आरोप लगाया कि आरोपी मलकीत सिंह, बलविंदर सिंह और अर्शदीप ने तलवार और गंडासे से हरविंद्र सिंह के दाएं हाथ की एक उंगली भी काट दी। महिला ने आरोप लगाया है कि हमलावर उसके गले में पहने सोने की चैन व अंगूठी भी छीन ली।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/3611 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 27.2.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भगवान पुत्र श्री बलराम गांव आलमगढ़ तहसील अबोहर जिला श्रीगंगानगर एवं श्री नत्था सिंह पुत्र श्री जगरूप सिंह निवासी म.नं. 529 बाबा राम देव मंदिर के पास, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 16 किला नं. 5,6 में माप 40 इंटू 70 फीट भू.सं. 38, विकास पुरी, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 944 दिनांक 27.03.1990 को श्रीमती सुरेन्द्र कौर पुत्री श्री मोहन सिंह के नाम से जारी किया हुआ है।	श्री नत्था सिंह द्वारा उक्त भूखंड में से 20 इन्टू 70 फीट उत्तरी हिस्सा को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 21.6.2024 को एवं श्री भगवान पुत्र श्री बलराम द्वारा माप 20 इन्टू 70 फीट पश्चिमी हिस्सा जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 28.5.2024 को क्रय कर उक्त भूखंड के अपने नाम से नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री भगवान पुत्र श्री बलराम गांव आलमगढ़ तहसील अबोहर जिला श्रीगंगानगर एवं श्री नत्था सिंह पुत्र श्री जगरूप सिंह निवासी म.नं. 529 बाबा राम देव मंदिर के पास, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/1138,1339 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक-LU2012/SGN/2024-25/101255 **लोक सूचना** दिनांक- 28/02/2025

रास इंडिया प्राईवेट लिमिटेड जरिये अधिकृत राजकुमार शर्मा पुत्र श्री ओम प्रकाश शर्मा निवासी वार्ड नं. 04, सादुलशहर, जिला श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का **आवासीय+व्यावसायिक प्रयोजनार्थ** के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् -

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1.	चक 4 जैड तहसील व जिला श्रीगंगानगर	रास इंडिया प्राईवेट लिमिटेड जरिये अधिकृत राजकुमार शर्मा पुत्र श्री ओम प्रकाश शर्मा	चक 4 जैड मुरब्बा नं. 35 के किला नं. 01 में 0.1390 हैक्टे. किला नं. 2 में 0.2280 हैक्टे. किला नं. 9 में 0.253 हैक्टे. किला नं. 10 में 0.1520 हैक्टे. किला नं. 11 में 0.1520 हैक्टे. किला नं. 12 में 0.253 हैक्टे. किला नं. 19 में 0.253 हैक्टे. किला नं. 20 में 0.1510 हैक्टे यथाकूल 1.5810 हैक्टेयर	कुल 1.5810 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर **90-A For Development Authority (UDH)** आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज ..... को जारी की गयी। - प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

रेरा पंजी. संख्या RAJ/P/2024/2929 rera.rajasthan.gov.in

आवेदन शुल्क EWS-5000+900 LIG-3000+540

श्री राधे एन्क्लेव-2

मुख्यमंत्री जन आवास योजना वर्ष 2015

चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 17, 33, 49, नजदीक मौसम विभाग, श्रीगंगानगर

आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग व अल्प आयजन के लिए सुनहरा अवसर मुख्यमंत्री जन आवास योजना 1-ए के अन्तर्गत भूखण्ड

-: आवेदन पत्र की प्राप्ति व वरीयता निर्धारण का कार्यक्रम :-

ऑफलाईन आवेदन पत्र उपलब्ध.....28.02.2025

ऑफलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने की अन्तिम अवधि 10.03.2025

1. योग्य आवेदकों की वरीयता निर्धारण हेतु अस्थायी सूची प्रकाशन की तिथि एवं स्थान
2. अस्थाई सूची पर आक्षेप प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि
3. वरीयता निर्धारण हेतु योग्य आवेदकों की स्थाई सूची के प्रकाशन की तिथि एवं स्थान
4. वरीयता निर्धारण हेतु लॉटरी आयोजन की तिथि एवं स्थान

दिनांक 12.03.205 को स्थान श्री राधे एन्क्लेव में ही सार्वजनिक सूचना जारी की जाएगी।

*अन्य शर्तें लागू

आवेदन प्राप्ति स्थान : श्री राधे एन्क्लेव, नजदीक मौसम विभाग, श्रीगंगानगर

सम्पर्क सूत्र : राहुल मित्तल, श्री राधे एन्क्लेव, श्रीगंगानगर, 80059-51858

आवेदन पत्र ऑफलाईन ही प्राप्त किये जायेंगे। आवेदक की अधिकतम आय सीमा EWS भूखण्ड 03 लाख रूपये व LIG भूखण्ड 06 लाख रूपये होनी आवश्यक है। आवेदन पत्र की कीमत आवेदन पत्र के साथ ही जमा करवानी होगी।

'साहित्य का कार्य केवल मनोरंजन नहीं बल्कि हमारी चेतना को जागृत करना है'

बीकानेर, (कासं)। साहित्य परिषद द्वारा आयोजित मासिक कार्यक्रम में तीन रचनाकारों ने अपनी रचनाओं की अभिव्यक्ति साझा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए साहित्य परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. आखिलानन्द पाठक ने कहा कि साहित्य का कार्य केवल मनोरंजन नहीं वरन हमारी चेतना को जागृत करना है। जिस देश की चेतना जागृत होती है वह समाज सभ्य और श्रेष्ठ समाज कहलाता है। अपनी व्यक्तिगत पीड़ा और अनुभूति को समष्टिगत बनाना ही साहित्यकार और साहित्य का श्रेष्ठ उद्देश्य माना जाता है।

साहित्य परिषद बीकानेर इकाई की अध्यक्ष डॉ. बसन्ती हर्ष ने कहा कि साहित्य परिषद विभिन्न विधाओं में सृजनरत रचनाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन हेतु शीघ्र ही कार्यक्रम आरम्भ करेगा। स्वागत उद्बोधन देते हुए राजाराम स्वर्णकार ने साहित्य परिषद बीकानेर इकाई द्वारा आगामी कार्यक्रमों को संक्षिप्त में रेखांकित किया।

कवि शिवशंकर शर्मा ने अपने शब्दों में गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि गुरू वही श्रेष्ठतम है, जिसकी शिक्षा से शिष्य चरित्रवान बन जाता है अपनी दूसरी रचना में बताया कि था कभी सोने की चिड़िया ये भारत देश हमारा, सारे ही विश्व पटल पर दबदबा कायम था हमारा। नारी के संबंध में बताते हुए कहा कि हर रूप स्वरूप में रची बसी है नारी, हर देवी शक्ति नाम के विभिन्न रूपों में है नारी। मत सोच कभी, तेरा सपना पूरा क्यों नहीं होता। हौसलों वालों का इरादा कभी अधूरा नहीं होता। कल मिले परसों मिले, अभी अभी तो मिले थे हम। होती नहीं तसल्ली, जब तक न यार से मिल लेते हम। सुनाकर सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया। गीतकार जुगलकिशोर पुरोहित ने मां शारदे सुनो मेरी हम तो तेरी शरण में आए हैं, मां वरदान गीत का देना मेरे स्वर को भजन बना देना सुनाया।

श्मशान भूमि की सफाई की

नोखा, (कासं)। गांव मैनसर में ग्रामीणों ने एकजुट होकर स्वच्छता की अनूठी मिसाल पेश की है। श्यामसर रोड पर स्थित विभिन्न समाजों की श्मशान भूमि की सामूहिक सफाई की गई। लम्बे समय से श्मशान भूमि में कूड़ा-करकट और घास-फूस के कारण बदबू की समस्या बनी हुई थी।

इस समस्या को देखते हुए मैनसर के युवाओं और ग्रामीणों ने साफ-सफाई का बीड़ा उठाया। युवाओं ने श्मशान भूमि में फैली घास और कांटेदार झाड़ियों को काटकर चारदीवारी से बाहर निकाला। दो दिन तक ट्रैक्टरों की मदद से पूरी गंदगी को हटाया गया। ग्रामीणों ने आसपास के लोगों को श्मशान भूमि में कचरा न डालने की हिदायत भी दी। इस सफाई अभियान में कुम्हार समाज, भार्गव, नाई, सुथार, रावणा राजपूत, सोनी, हरिजन और नायक समाज की श्मशान भूमि को साफ किया गया। स्वच्छता अभियान में प्रेमाराम भार्गव, राजूराम सुथार, लूणाराम प्रजापत, गोपाल प्रजापत, श्रवण कुमार, पदसिंह शामिल थे।



योग में उत्कृष्टता को सम्मान!

प्रधानमंत्री योग पुरस्कार 2025

योग साधकों के लिए एक सुनहरा अवसर

प्रधानमंत्री योग पुरस्कार, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग के विकास और प्रचार में योगदान देने वालों के लिए एक प्रतिष्ठित सम्मान है।

नामांकन खुले हैं!

कौन आवेदन कर सकते हैं?

- योग के क्षेत्र में कम से कम 20 वर्षों की समर्पित सेवा वाले व्यक्ति
- योग की गहरी समझ रखने वाले, 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के